**दिव्यांग बंधुओं से अपील**

**तिरोड़ा**-नगर परिषद तिरोड़ा क्षेत्र के दिव्यांग लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए दिव्यांग निधि का वितरण किया जाएगा. सभी दिव्यांग बंधु अपने UDID कार्ड और बैंक स्टेटमेंट की जेरॉक्स कॉपी 18 अप्रैल 2026 तक नगर परिषद कार्यालय में जमा करें. कोई भी दिव्यांग लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे.


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**





वर्ष : 6 | अंक : 34 गोंदिया : गुरुवार, दि. 2 अप्रेल से 8 अप्रेल 2026 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5


## मुख्यमंत्री राहत कोष मरीजों के लिए संजीवनी,गोंदिया में 67 लाख रुपये की आर्थिक मदद

**बुलंद गोंदिया।** मुख्यमंत्री राहत कोष मरीजों के लिए संजीवनी बन रहा है और इसने साल भर में गोंदिया जिले में गरीब और कमजोर मरीजों को 67 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी है। पिछले साल मुख्यमंत्री राहत कोष और चैरिटी हॉस्पिटल हेल्प डेस्क के जरिए जिले के जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिली है। 1 मई, 2025 से 27 मार्च, 2026 तक कुल 88 लाभार्थियों को 67 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई है। मुख्यमंत्री राहत कोष राज्य में जरूरतमंद मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद देने के मकसद से काम कर रहा है। इस कोष से प्राकृतिक आपदाओं, बड़े हादसों और अलग-अलग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए तुरंत आर्थिक मदद दी जाती है। साथ ही, राज्य के रजिस्टर्ड अस्पतालों में इलाज करा रहे गरीब मरीज़ों और जो दूसरी सरकारी हेल्थ स्कीम का फ़ायदा नहीं उठा पा रहे हैं, उन्हें भी इस स्कीम का फ़ायदा दिया जाता है। इस स्कीम के तहत कैंसर, दिल की बीमारी, ऑर्गन ट्रांसप्लांट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, डायलिसिस, दिमाग की बीमारियाँ, जलने के मरीज़ों और दूसरी गंभीर बीमारियों के




इलाज के लिए पैसे की मदद दी जाती है। पहले, लोगों को इस फंड के लिए अप्लाई करने के लिए मुंबई जाना पड़ता था। इस वजह से आम लोगों को बहुत समय और खर्च उठाना पड़ता था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस परेशानी को खत्म कर दिया। सेल हेड रामेश्वर नाइक की पहल पर, राज्य सरकार ने हर ज़िले में जिलाधिकारी कार्यालय में एक चीफ़ मिनिस्टर रिलीफ़ फ़ंड और चैरिटी हॉस्पिटल हेल्प सेल बनाने का फ़ैसला किया। इसके मुताबिक, 1 मई, 2025 से गोंदिया के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफ़िस में चीफ़ मिनिस्टर रिलीफ़ फ़ंड और चैरिटी हॉस्पिटल हेल्प सेल शुरू कर दिया गया है। इस सेल के ज़रिए मरीज़ों को अप्लाई करने के प्रोसेस, ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स और इलाज के लिए पैसे की मदद के बारे में गाइड किया जाता है। इस सेल के हेड जिलाधिकारी प्रजीत नायर हैं और इसके हेड निवासी उप जिलाधिकारी भैयासाहेब बेहेरे, डीन डॉ. कुसुमाकर घोरपड़े, जिला शल्य चिकिसक डॉ. पुरुषोत्तम पटले और मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. दिगंबर मर्सकोले हैं। ये मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुकेश येरपुड़े, मेडिकल सोशल वर्कर सुपरिटेंडेंट मारोती कुचांकर और कोऑर्डिनेटर अभिषेक भलाई के गाइडेंस में काम कर रहे हैं।

### कौन अप्लाई कर सकता है

इस स्कीम का फायदा पाने के लिए मरीज के परिवार की सालाना इनकम 1.60 लाख रुपये के अंदर होनी चाहिए। एप्लीकेशन के साथ तय फॉर्मेट में एप्लीकेशन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, इनकम सर्टिफिकेट, मेडिकल खर्च का अंदाज़ा और संबंधित बीमारी के मेडिकल डॉक्यूमेंट जमा करना ज़रूरी है। साथ ही, एक्सीडेंट के शिकार लोगों की रूरुष्ट. रिपोर्ट (मेडिकल लीगल केस) होना भी ज़रूरी है। फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में गोंदिया जिले में 88 मरीजों की मदद की गई है। जिले के जरूरतमंद मरीजों से अपील की गई है कि वे इस स्कीम का ज़्यादा से ज़्यादा फायदा उठाएं।

## गोंदिया के शासकीय नर्सिंग कॉलेज की 45 छात्राओं को विषबाधा



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया केटीएस जिला चिकित्सालय के अंतर्गत आने वाले बाई गंगाबाई महिला अस्पताल में स्थित शासकीय नर्सिंग कॉलेज की 45 छात्राओं को खाने के बाद विषबाधा होने की से घटना गुरुवार, 26 मार्च को सुबह लगभग 10 बजे सामने आई। फिलहाल, सभी छात्राओं को इलाज के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सामान्य चिकित्सालय के अंतर्गत बाई गंगाबाई महिला अस्पताल परिसर में सरकारी नर्सिंग कॉलेज है, जिसमें 185 प्रशिक्षु नर्सिंग प्रशिक्षण ले रही हैं। सभी छात्राओं को कॉलेज की कैंटीन से भोजन और नाश्ता दिया जाता है। बुधवार, 25 मार्च की रात में छात्राओं ने भोजन किया और सो गईं। इसके बाद उसी रात दो-तीन छात्राओं को पेट दर्द होने लगा। उन्हें उल्टी भी होने लगी। उन्हें तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। हालांकि, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे नर्सिंग कॉलेज की और अन्य छात्राओं को भी यही समस्या होने लगी। इसलिए, इन सभी छात्राओं को तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया और उनका इलाज शुरू किया गया। गौरतलब है कि




नर्सिंग कॉलेज की सभी 185 छात्राओं ने कैंटीन से भोजन किया था। इनमें से 45 छात्राएं प्रभावित हुईं। इस बीच, सभी 45 छात्रों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है और वहां के डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी हालत खतरे से बाहर है। विष विषबाधा किस वजह से हुई इसकी जानकारी के लिए खाद्य पदार्थ के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

### नौकरी के नाम पर 6.75 लाख की ठगी

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव थाने के तहत दो आरोपियों ने फिर्यादी व एक अन्य युवक के साथ पंचायत समिति में नौकरी लगाने के नाम पर 6 लाख 75 हजार रु. की धोखाधड़ी की. जानकारी के अनुसार, अर्जुनी मोरगांव तहसील के धाबेटेकड़ी निवासी आरोपी ललित जनार्धन कुंभरे (45) व सड़क अर्जुनी तहसील के बाम्हणी खड़की निवासी सुग्रेश साधु तागडे ने धाबेटेकड़ी आदर्श निवासी फिर्यादी प्रेमचंद एकनाथ कुंभरे (27) व रोहित परशुरामकर को पंचायत समिति में डेटा ऑपरेटर की नौकरी लगाने का लालच देकर 6 लाख 75 हजार रु. की धोखाधड़ी की. फिर्यादी की शिकायत पर अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

## चरित्र पर संदेह को लेकर पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

**बुलंद गोंदिया** । केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पुष्पनगर (ब) निवासी आरोपी गणेश बिजाय बावाली उम्र 71 वर्ष द्वारा अपनी पत्नी मांनकुमारी बावाली उम्र 58 वर्ष के चरित्र पर संदेश को लेकर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुनी मोरगांव तहसील के पुलिस स्टेशन केशोरी के तहत ग्राम पुष्पनगर निवासी गणेश बिजय बावाली उम्र 71 वर्ष यह आए



दिन अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह लेकर विवाद करता था। घटना वाले दिन 28 मार्च को 11ः00 बजे के दौरान जब आरोपी की पत्नी मांनकुमारी गणेश बावाली उम्र 58 वर्ष घर के नल से पानी भर रही थी तो आरोपी द्वारा फिर से उसके चरित्र पर संदेह कर जान से करने के उद्देश्य से कुल्हाड़ी से उसकी गर्दन पर प्राण घातक हमला किया। इस हमले में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई जिसे उपचार के लिए ग्रामीण चिकित्सालय में दाखिल कराया गया। उपरोक्त मामले में जख्मी की बहू फरियादी जयंती चंद्रकांत बावाली उम्र 32 वर्ष की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर केशोरी के पुलिस निरीक्षक काड़े के मार्गदर्शन में पुलिस उप निरीक्षक संदीप भोसले द्वारा जांच की जा रही है।

## ईंटियाडोह कि नहर में डूब कर 19 वर्षीय युवती पायल सहारे की मौत

**बुलंद गोंदिया।** अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरगांव निवासी 19 वर्षीय युवती पायल वामन सहारे की ईटियाडोह की नहर में डूब कर मौत हो गई जिसका शव 24 घंटे के पश्चात मंगलवार 31 मार्च की सुबह घटनास्थल से 500 मीटर की दूरी पर पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरगांव निवासी पायल वामन सहारे सोमवार 30 मार्च की सुबह प्रतिदिन के अनुसार कपड़े धोने के लिए ईटियाडोह नहर में गई थी वर्तमान में रबी फसल के लिए नहर में पानी छोड़ा गया था जिससे नहर लबालब बह रही थी इसी दौरान कपड़े धोते समय पायल का संतुलन बिगड़ गया तथा वह नहर के पानी में गिरकर बह गई। इस घटना की जानकारी ग्राम वासियों को मिलते ही परिजनों व ग्रामीणों तथा पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचे किंतु नहर में पानी 20 फुट होने के चलते तलाश कार्य में काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए ईटियाडोहसिंचाई विभाग से संपर्क कर नहर का पानी बंद किया गया। पानी बंद होने के पश्चात पायल की तलाश शुरू की गई। 24 घंटे बाद मिला शव सोमवार को देर रात तक तलाश किया



गया लेकिन रात में अंधेरा होने की वजह से 31 मार्च मंगलवार की सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू किया गया जिसमें घटना स्थल से 500 मीटर की दूरी पर मृतक पायल का शव प्राप्त हुआ। पुलिस बनने का सपना पायल पढ़ाई में अत्यंत बुद्धिमान वह मेहनती विद्यार्थी के रूप में जानी जाती थी तथा पुलिस विभाग में शामिल होने का उसका एक बड़ा स्वप्न था जिसके लिए वे नागपुर में जाकर तैयारी कर रही थी, जिसमें शारीरिक अभ्यास वह अनुशासन जीवन शैली के चलते ग्राम के अन्य युवतियों के लिए प्रेरणा बन रही थी किंतु नियति के इस कालचक्र के चलते उसके स्वप्न पर पानी फिर गया तथा उसका अ समय अंत हुआ। इस दर्दनाक घटना से मोरगांव सहित संपूर्ण परिसर में शोक निर्माण हो गया।

## तीन लीटर केरोसिन मिलेगा प्रत्येक परिवार को रसोई गैस किल्लत का बना विकल्प

**बुलंद गोंदिया।** खाड़ी युद्ध की वर्तमान स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश के तहत रसोई गैस के कमी को देखते हुए प्रत्येक परिवार को 3 लीटर केरोसिन तेल देने का आदेश जारी किया है। गौरतलब है की महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा कुछ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व अन्य योजनाओं के द्वारा एलपीजी गैस कनेक्शन बड़े पैमाने पर वितरित किए गए थे जिसके अनुसार गैस कनेक्शन प्राप्त परिवार को केरोसिन वितरण न करने का मुंबई उच्च न्यायालय नागपूर खंडपीठ में दाखिल जनहित याचिका के निर्णय में दिया गया था जिसके चलते संपूर्ण राज्य में केरोसिन का वितरण मर्यादित सीमा में किया गया था। लेकिन वर्तमान में अमेरिका - ईरान (खाड़ी युद्ध) के चलते रसोई गैस एलपीजी की कमी को देखते हुए केंद्र शासन द्वारा 12 मार्च को जारी किए गए आदेश के अनुसार राज्य में 3744 किलोमीटर केरोसिन तेल मंजूर किया है



जिसमें एलजी के पर्याय ईंधन के रूप में आकस्मिक रूप से किया जाएगा इस आदेश के तहत राशन कार्ड धारक प्रत्येक परिवार को तीन लीटर केरोसिन तेल दिया जाएगा। जिसमें एएवाय वह पीएचएच राशन कार्ड धारको प्राथमिकता दी जाएंगी तथा जिन परिवार के पास राशन कार्ड नहीं है वह परिवार केरोसिन की उपलब्धता के अनुसार वितरण हेतु पत्र रहेंगे इसके लिए उन्हें ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का निवासी प्रमाण पत्र देना होगा। केरोसिन का वितरण राशन दुकानों वह चिल्लर केरोसिन लाइसेंस धारक द्वारा किया जाएगा तथा जिन ग्रामों में केरोसिन विक्रेता उपलब्ध नहीं है उन ग्रामों में पास के ग्राम के केरोसिन विक्रेता द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। केरोसिन की काला बाजारी तथा गैर वापस पर नजर रखने के लिए जिला स्तर पर संयुक्त निरीक्षण पथकका का निर्माण किया गया जिसमें तहसीलदार, आपूर्ति अधिकारी, पुलिस निरीक्षक शामिल होंगे। जिलाधिकारी द्वारा केरोसिन का उपयोग पेट्रोल, डीजल में मिलावट करने के लिए ना हो इस पर जिला अधिकारी द्वारा नजर रखी जाएंगी , अनाधिकृत बिक्री अथवा गैर उपयोग पाए जाने पर संबंधित आरोपी के खिलाफ जीवनाशक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। उपरोक्त आदेश अन्न नागरिक आपूर्ति वह ग्राहक संरक्षण विभाग द्वारा 25 मार्च को जारी किया गया है।

## जनगणना-2027 के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण संपन्न

**बुलंद गोंदिया।** भारत की भविष्य की प्लानिंग के लिए बहुत ज़रूरी 'जनगणना-2027' अब असल में शुरू हो रहा है। इस अभियान का पहला चरण जो 'घरयादी व घरगणना जनगणना है, पूरे ज़िले में 16 मई से 14 जून 2026 तक लागू किया जाएगा। आने वाली जनगणना -2027 की तैयारी के लिए गोंदिया ज़िले में प्रशासकीय कामों में तेज़ी आ गई है। ट्रेनिंग के पहले फेज़ के लिए, गोंदिया ज़िले के सभी जनगणना ऑफिसर, चार्ज सेंसस ऑफिसर (सभी तहसीलदार, सभी म्युनिसिपल काउंसिल/नगर पंचायत के चीफ ऑफिसर) के साथ-साथ ज़िले के सभी तहसील ऑफिस, म्युनिसिपल काउंसिल/नगर पंचायत ऑफिस के एडिशनल चार्ज सेंसस ऑफिसर, सेंसस क्लर्क और टेक्निकल असिस्टेंट के लिए 23 से 25 मार्च 2026 तक कलेक्ट्रेट, गोंदिया में तीन दिन का स्पेशल ट्रेनिंग कैंप सफलतापूर्वक लगाया गया। इस ट्रेनिंग के लिए, जनगणना निदेशालय, महाराष्ट्र, मुंबई ने जनगणना-2027 की तैयारी के हिस्से के तौर पर गोंदिया जिले के लिए ट्रेनिंग देने के लिए असिस्टेंट डायरेक्टर जोगेंद्र तमगाडे के साथ-साथ चेतन गायधने और जितेंद्र कुमार को गोंदिया जिले की जनगणना-2027 के लिए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। इन अधिकारियों ने तीन दिन की ट्रेनिंग के दौरान पहले फेज में किए जाने वाले काम के सभी पहलुओं पर बेसिक लेवल से लेकर आखिरी स्टेज तक डिटेल में ट्रेनिंग दी। इस ट्रेनिंग के दौरान, जिलाधिकारी और प्रधान जनगणना अधिकारी प्रजीत नायर के साथ-साथ निवासी उप जिलाधिकारी और जिला जनगणना अधिकारी भैयासाहेब बेहरे ने गोंदिया जिले के सभी नागरिकों से इस ट्रेनिंग के जरिए जनगणना-2027 के लिए सहयोग करने की अपील की है। जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया में जनगणना-2027 के लिए एक अलग जनगणना सेल बनाया गया है। इस सेल के जरिए जिले में जनगणना के बारे में जरूरी जानकारी और आंकड़ों पर कोऑर्डिनेशन का काम किया जाएगा। यह जानकारी निवासी उप जिलाधिकारी और जिला जनगणना अधिकारी भैयासाहेब बेहरे ने दी है।

## भगवान श्री वर्धमान महावीर जन्मोत्सव के अवसर पर शासकीय चिकित्सालय में फल वितरण

**बुलंद गोंदिया।** भगवान श्री वर्धमान महावीर स्वामी जन्मोत्सव 2026 के पावन अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्य सकल जैन समाज द्वारा आयोजित किए गए इसी के अंतर्गत मंगलवार 31 मार्च को गोंदिया के दोनों शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वह बिस्किट का वितरण किया गया। गौरतलब है की 1008 भगवान श्री वर्धमान महावीर स्वामी जन्मोत्सव 2026 का आयोजन गोंदिया में सकल जैन समाज द्वारा भव्य रूप से आयोजित कर 5 दिनों तक विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मंगलवार 31 मार्च को गोंदिया की शासकीय महिला चिकित्सालय बाई गंगाबाई वह कुंवर तिलक सिंह सामान्य चिकित्सालय में सकल जैन समाज के



पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने पहुंचकर मरीजों को फल वह बिस्किट का वितरण किया गया इस पुण्य कर में समाज के युवा साथी ,महिलाएं बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक सहयोग प्रदान किया। जिसमें समिति के कार्यकर्ताओं में आर्यन जैन, दिनेश जैन, रजत जैन, अनुज जैन, धनेश जैन,अन्नी जैन हरेश जैन अमित जैन, मनीष जैन, जिन्की जैन ,जिया जैन, ऋषिका जैन रेनी जैन, आर्या जैन, पिहु जैन रेखा जैन व स्वाति जैन ने प्रमुख रूप से अपना सहयोग प्रदान किया जिसके लिए आयोजन समिति द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## श्री वर्धमान महावीर जयंती पर्व के उपलक्ष में 37 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान




**बुलंद गोंदिया।** श्री 1008 वर्धमान महावीर जयंती के पावन अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 37 रक्तदाताओं में रक्तदान किया। श्री 1008 भगवान वर्धमान महावीर स्वामी जन्मोत्सव 2026 सकल जैन समाज (दिगंबर व श्वेताम्बर) द्वारा मनाया जा रहा है । इस पावन पर्व पर सकल जैन समाज द्वारा जैन कुशल भवन गोंदिया में रविवार 29 मार्च को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 37 श्रद्धालु रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। उपरोक्त रक्तदान शासकीय रक्त बैंक के सहयोग से किया गया है जिसमें शासकीय रक्त बैंक के डॉक्टर वह सहयोगियों द्वारा अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया। रक्तदान करने वाले सभी समाज बंधुओ का सकल जैन समाज द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## संपादकिय...

# 'लाल आतंकवाद' से मुक्ति!

भारत लगभग नक्सल-मुक्त हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में यह दावानुमा घोषणा की। नक्सल-मुक्त स्थिति के लिए 31 मार्च, 2026 आखिरी तारीख तय की गई थी, लेकिन संसद में नक्सलवाद पर बहस हुई, जिसके जवाब में गृहमंत्री ने घोषणा की और नक्सलवाद के विस्तार की स्थितियों और कारकों का भी खुलासा किया। गृहमंत्री ने उल्लास और उत्साह में यह भी घोषणा की कि देश में 'लाल कॉरिडोर' का खात्मा कर दिया गया है। जो 2-4 नक्सली नेता फरार हैं, वे या तो आत्मसमर्पण कर देंगे अथवा उन्हें ढेर कर दिया जाएगा। विपक्ष इन्हें भी अन्यायपूर्ण हत्याएं करार दे रहा है। आश्चर्य हैज्! बहरहाल अब 'नक्सलवाद' शब्द इतिहास में दर्ज होकर रह जाएगा। देश से 'वामपंथी, माओवादी आतंकवाद' के खात्मे में करीब 59 लंबे साल लग गए। सरकार ने 706 माह का वक्त माना है। जो आंदोलन वामपंथी नेता चारु मजूमदार और कानू सान्याल के नेतृत्व में 1967 में पश्चिम बंगाल से शुरू किया गया था, वह वैचारिक कम और हथियारबंद, हिंसक अधिक था। बेशक आंदोलन को किसान, मजदूर, भूमिहीन, आदिवासी की लड़ाई का आवरण दिया गया। आर्थिक असमानता, शोषण, अन्याय, पूंजीवाद, भूमि का असमान वितरण या भूमिहीनता, सर्वहारा, बुर्जुआ आदि शब्दों को नारों के तौर पर इस्तेमाल किया गया, लेकिन 2026 तक भी वे नारे खोखले, आडंबर साबित हुए, क्योंकि असमान स्थितियां आज भी देश में हैं। नक्सली देश की संसदीय व्यवस्था के खिलाफ थे और देश में 'सशस्त्र क्रांति' लाने के पक्षधर थे। जो आंदोलन या उग्रवाद देश के करीब 150 जिलों तक फैला था और जिसे 'रेड कॉरिडोर' नामकरण दिया गया था, वाकई वे इलाके रक्त-रंजित थे। नक्सलियों ने समानता और न्याय की अपनी सोच गढ़ते हुए 7532 मासूम, बेगुनाह लोगों को मारा। करीब 5000 सुरक्षा-जांबाजों को 'शहीद' किया। देश के करीब 17 फीसदी हिस्से पर जिनका 'रेड कॉरिडोर' था, देश की 12 करोड़ से अधिक आबादी 'लाल उग्रवाद' से प्रभावित और दमित थी, वह कैसा सामाजिक आंदोलन था? जिन्होंने करीब 20,000 युवाओं की हत्या की। क्यों कीज्? करीब 92 फीसदी अत्याधुनिक हथियार पुलिस और सुरक्षा बलों से छीन लिए, यह समानता और गरीबी-उन्मूलन का कैसा आंदोलन था? 'लाल आतंकवाद' के खिलाफ लड़ाई और उसे खत्म करने की मुहिम पर सरकार को 2000 करोड़ रुपए सालाना खर्च करने पड़ रहे थे। देश को नक्सल-मुक्त करने के अभियानों, संघर्षों, मुठभेड़ों के दौरान 706 नक्सली मार दिए गए, 2208 को गिरफ्तार कर जेलों में भेज दिया गया और 4839 ने आत्मसमर्पण किया। ये तमाम खुलासे गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में किए हैं और सुरक्षा बलों, पुलिस के जवानों को 'सैल्यूट' किया है। मुक्ति-अभियान के बावजूद एक तबका ऐसा है, जिसने जेएनयू में जश्न मनाया था, जब नक्सलियों ने हमला कर सीआरपीएफ के 76 जवानों को एक साथ 'शहीद' किया था। यही तबका 'अरबन नक्सल' है, जिसमें बौद्धिक, डॉक्टर, पत्रकार, सांसद, सम्मानित लेखक आदि शामिल हैं। वे आज भी नक्सलियों के पैरोकार हैं और उनके पक्ष में आलेख लिखते रहे हैं। एक हिंसक आंदोलन की पैरोकारी भी 'अपराध' है। नक्सलवाद की स्थापना और सक्रियता के बाद, एक ही साल में, 3620 हिंसक घटनाएं की गई थीं।

# 16 मई से 14 जून तक चलेगा अभियान
# जनगणना के लिए विशेष प्रशिक्षण

**गोंदिया**-भारत की भविष्य के नियोजन के लिए बहुत जरूरी %जनगणना-2027% अब असल में शुरू हो रही है. इस अभियान का पहला चरण, जो %घर सूची व घर गणना% है, पूरे जिले में 16 मई से 14 जून 2026 तक अभियान चलाया जाएगा. आने वाली जनगणना-2027 की तैयारी के लिए है, जिससे जिले में प्रशासकीय कामों में तेजी आ गई है. प्रशिक्षण के पहले चरण के लिए, गोंदिया जिले के सभी जनगणना अधिकारियों, चार्ज जनगणना अधिकारियों, सभी तहसीलदारों, सभी मुख्याधिकारी नगर परिषदों, नगर पंचायतों और अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों, जिले के सभी तहसील जनगणना लिपिक व तांत्रिक सहायक के लिए 23 से 25 मार्च तक जिलाधीश कार्यालय गोंदिया में तीन दिन का विशेष प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक लगाया गया. प्रशिक्षण के लिए, सहायक संचालक जोगेंद्र तामगाडगे, साथ ही चेतन गायधने व जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार को जनगणना जनगणना-2027 की तैयारी के हिस्से के तौर पर गोंदिया जिले में प्रशिक्षण देने के लिए नियुक्त किया है. इन अधिकारियों ने तीन दिन के प्रशिक्षण के दौरान पहले चरण में किए जाने वाले काम के सभी पहलुओं पर, बुनियादी स्तर से लेकर अंतिम स्तर तक के लिए प्रशिक्षण दिया.



### कक्षा के माध्यम से होंगा समन्वयक काम

प्रशिक्षण के दौरान, जिलाधीश तथा प्रधान जनगणना अधिकारी प्रजित नायर व निवासी उपजिलाधीश तथा जिला जनगणना अधिकारी भय्यासाहेब बेहेरे ने गोंदिया जिले के सभी नागरिकों से जनगणना-2027 के लिए सहयोग करने की अपील की है. जनगणना-2027 के लिए जिलाधीश कार्यालय गोंदिया में एक स्वतंत्र जनगणना कक्ष बनाया गया है. जिले में जनगणना से जुड़ी जरूरी जानकारी और आंकड़ों को लेकर समन्वय से काम इसी कक्ष के माध्यम से किया जाएगा.

# आग लगने से घरेलू सामग्री जलकर खाक
# छह घंटे बाद आग पर काबू पाया

**गोंदिया**-तिरोड़ा तहसील के ग्राम गांगला में कुंभलकर परिवार की चार मकानों वाली चाल में दोपहर करीब 3 बजे लगी आग पर लगभग छह घंटे बाद काबू पा लिया गया. आग की घटना में रूपसागर कुंभलकर, युवराज कुंभलकर, मोहनलाल कुंभलकर और दुर्गाप्रसाद कुंभलकर के चार सटे हुए घरों में आग लग गई. इनमें से तीन परिवार नागपुर में और एक परिवार गोंदिया में रहता है. आग लगते ही ग्रामीणों ने हर संभव तरीके से आग बुझाने की कोशिश की. चारों घर लकड़ी और टीन के होने से आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था. इमारत दो हिस्सों में बंटी हुई थी और ऊपर लोहे-टीन की छत थी, इसलिए आग पर काबू पाना संभव नहीं था. जब नगर परिषद और अदानी प्रकल्प के अग्निशमन वाहन तिरोडा से बुलाए गए, तब भी आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था. इस दौरान तिरोड़ा के तहसीलदार एन.एम. ठाकरे और पूर्व विधायक दिलीप बंसोड मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद करते हुए निर्देश दिए. इसके बाद गोंदिया से एक और अग्निशमन वाहन बुलाए जाने के बाद, लगभग छह घंटे बाद रात 9 बजे आग पर काबू पाया गया.



# शिक्षकों को मुख्यालय में रहने के निर्देश
# गर्मी की छुट्टियों में करना होगा जनगणना का काम

**गोंदिया**-राज्य के स्कूलों में 2 मई से 14 जून तक गर्मी की छुट्टियां होने की संभावना है. हालांकि, इस वर्ष शिक्षक इन छुट्टियों का फायदा नहीं उठा पाएंगे.



सरकार ने आने वाली जनगणना के काम के लिए शिक्षकों को रखने का फैसला किया है. इसलिए, शिक्षकों को गर्मी की छुट्टियों में जनगणना का काम करना होगा. इस फैसले से फिलहाल शिक्षकों में नाराजगी का माहौल है. सभी सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त, प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के साथ-साथ महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए जनगणना का काम जरूरी कर दिया गया है. शिक्षाधिकारियों ने शिक्षकों को छुट्टियों के दौरान मुख्यालय न छोड़ने का भी आदेश दिया है. 2011 के बाद पहली बार हो रही इस जनगणना के तहत, घरों की गिनती और सूची बनाने का काम 16 मई से 14 जून तक किया जाएगा. उससे पहले, अप्रैल के आखिर से मई की शुरुआत तक प्रगणक व पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा. परीक्षा की प्रक्रिया पूरी होते ही शिक्षकों को इस प्रशिक्षण में हिस्सा लेना होगा. इस बीच, इस फैसले के बाद शिक्षकों ने नाराजगी जताई है. टीईटी परीक्षा जुलाई में होने की संभावना है और शिक्षकों का कहना है कि जनगणना के काम के कारण उन्हें परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलेगा

### दिव्यांग शिक्षकों को रखा जाए बाहर

अप्रैल में जनगणना के लिए शिक्षकों को घर-घर जाना होगा. इसलिए शिक्षकों की मांग है कि दिव्यांग शिक्षकों को इस सेवा से बाहर रखा जाए.

**- एस. यू. वंजारी, महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोंदिया**

# दिव्यांगों की सेवा कर दिया प्रेरणादायी संदेश

**गोंदिया**-कलार समाज महासंघ के तत्वावधान में रामनगर में दिव्यांग बच्चों के लिए सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन प्रफुल पी. मेश्राम, पितांबर राऊत, शीतल धरमगोडिया, चंद्रकला कटरे, क्षीरसागर, महेक संगीता चन्ने की उपस्थिति में किया गया. इस दौरान दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सामग्री व फल वितरित किए गए. इस सेवा का मुख्य उद्देश्य जरुरतमंद बच्चों की सहायता करना और समाज में उनके प्रति जागरुकता बढ़ाना था. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया.



# राजस्व विभाग पर सवालिया निशान
# अवैध रेत ले जा रहा तेज रफ्तार टिप्पर पलटा

**गोंदिया**-तिरोड़ा तहसील के घाटकुरोड़ा वैनगंगा नदी घाट से अवैध रेत ले जा रहा तेज रफ्तार टिप्पर बुधवार को सुबह 7.30 बजे घाटकुरोड़ा-घोगरा रोड पर स्थित चैतराम सोनवने के घर के पास पलट गया. टिप्पर सीधे घर की बाड़ से टकराया, जिससे बाड़ और टिप्पर को बड़ा नुकसान हुआ. उल्लेखनीय है कि इस दुर्घटना में कोई जनहानी नहीं हुई. लेकिन हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया. जानकारी के अनुसार, घाटकुरोड़ा व अर्जुनी के रेत घाटों की नीलामी हो चुकी है, लेकिन बड़े पैमाने पर बिना लाइसेंस के रेत निकाली जा रही है. तहसीलदार एन.एम. ठाकरे के आदेश पर नायब तहसीलदार नृसिंह निंबेकर और राजस्व टीम मौके पर पहुंची. जांच में पता चला कि टिप्पर क्र. एमएच-40 एके-9890 पांजरा के अमित भोंगाड़े का है. मालिक के पास रेत परिवहन का लाइसेंस नहीं होने की वजह से राजस्व विभाग ने पंचनामा करके कार्रवाई शुरू कर दी है. क्योंकि टिपर की हालत ठीक नहीं है, इसलिए मरम्मत के बाद उसे तहसील कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया गया है. स्थानीय लोगों के अनुसार, राजस्व विभाग की उड़न दस्ता टीम 24 घंटे तैनात रहने का दावा करती है, लेकिन सुबह 3 बजे से 7 बजे के बीच अवैध परिवहन बड़े पैमाने पर होता है. यह हादसा प्रशासन के नियोजन पर सवाल उठा रहा है.



# डव्वा ग्राम में बैनर तोड़फोड़ से तनावपूर्ण माहौल बना

**गोरेगांव**-तहसील के ग्राम डव्वा में आयोजित भागवत सप्ताह के दौरान लगाए गए बैनरों की तोड़फोड़ से गांव में तनावपूर्ण माहौल बन गया है. 28 मार्च की रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बैनरों को नुकसान पहुंचाया गया, जिसकी शिकायत मंदिर समिति ने गोंदिया ग्रामीण पुलिस में दर्ज कराई है. गोरेगांव तहसील के कई गांवों में इन दिनों भागवत कथा जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं. इन आयोजनों के लिए समिति द्वारा पुलिस विभाग से अनुमति ली जाती है, लेकिन पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था अक्सर नदारद रहती है. ऐसा ही एक मामला डव्वा गांव में सामने आ रहा है. यहां 27 मार्च से भागवत का आयोजन शुरू हुआ, जहां पर्याप्त पुलिस सुरक्षा नहीं थी. भागवत कथा को लेकर गांव में विवाद जैसी स्थिति बनी हुई थी. उल्लेखनीय है कि डव्वा ग्राम पंचायत समिति सभापति चित्रलेखा चौधरी का निवास गांव है.



### धार्मिक आयोजन को राजनीतिक रंग दिए जाने की चर्चा

इसे लेकर गांव में धार्मिक आयोजन को राजनीतिक रंग दिए जाने की चर्चाएं भी शुरू हैं, जो विवाद एक कारण हो सकता है. इस मामले में ग्रामीण थाने के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे ने बताया कि डव्वा प्रकरण की शिकायत पुलिस थाने में प्राप्त हुई है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आयोजन समिति द्वारा मुख्य मार्ग पर बैनरों का एक गेट बनाया गया था, जिससे हाल ही में एक व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हुआ था. इसी मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था, जो अब बढ़ गया है. पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और आगे की जांच जारी है. भागवत कथा में पुलिस सुरक्षा दी जाएंगी.

# लड़की के माता-पिता और रिश्तेदारों से लिया गया लिखित में पत्र
# बाल विवाह रोकने में प्रशासन को सफलता

**गोंदिया**-तिरोड़ा में होने वाले एक बाल विवाह की गुप्त जानकारी मिलने पर, जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की और शादी रुकवाने में सफलता हासिल की. जिलाधीश प्रजीत नायर, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी कीर्तिकुमार कटरे तथा जिला महिला व बाल विकास अधिकारी तुषार पौनीकर के मार्गदर्शन में जिला बाल सुरक्षा सेल, चाइल्ड हेल्पलाइन, इंडियन सोशल वेलफेयर सोसाइटी गोंदिया और दामिनी टीम की एक संयुक्त टीम बनाई गई. जानकारी के अनुसार, संबंधित लड़के व लड़की के जन्म प्रमाण पत्र तिरोड़ा नगर परिषद से लिए गए थे. जिसके अनुसार, यह साफ था कि लड़की की उम्र बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 के अनुसार शादी के लिए काफी नहीं थी. इसके बाद, टीम ने तिरोड़ा में भेंट दी और स्थिति का जायजा लिया. पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका, पार्षद अनिकेत कटरे व वार्ड बाल सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक की गई और नियोजित विवाह के बारे में जानकारी दी गई. पता चला कि मंडप पूजन और हल्दी का कार्यक्रम 4 अप्रैल को होगा और शादी 5 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे होगी. इसके बाद, दामिनी टीम, महिला व बाल विकास विभाग और इंडियन सोशल वेलफेयर सोसाइटी की टीम ने वर वधू के साथ-साथ उनके माता-पिता और रिश्तेदारों से बातचीत की और बाल विवाह के कानूनी परिणामों और दुष्परिणाम के बारे में समझाया. माता-पिता और रिश्तेदारों से बालिग होने तक शादी न करने का लिखित पत्र लिया गया. यह कार्रवाई बाल विवाह मुक्त भारत, बाल विवाह मुक्त महाराष्ट्र और बाल विवाह मुक्त गोंदिया अभियान के तहत की गई. नागरिकों से अपील की गई कि अगर उन्हें ऐसी घटनाएं देखने को मिलें तो वे आंगनवाड़ी सेविका, नजदीकी पुलिस स्टेशन, जिला बाल सुरक्षा सेल या चाइल्ड हेल्पलाइन (टोल फ्री नंबर 1098) पर संपर्क करें.



### लड़की का किया गया समुपदेशन

पूरी कार्रवाई जिला बाल सुरक्षा अधिकारी गजानन गोबडे के नेतृत्व में की गई. जब सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा चौधरी और दीपमाला भालेराव ने लड़की का समुपदेशन किया, तो उसने आगे पढ़ने की इच्छा जताई. लड़की को चाइल्ड वेलफेयर समिति, गोंदिया के सामने पेश किया गया और उसके माता-पिता को सौंप दिया गया. यह कार्रवाई संरक्षण अधिकारी मुकेश पटले, रविंद्र टेंभुर्णे, जिला समन्वयक ज्ञानेश्वर पटले, बाल विकास प्रकल्प अधिकारी विनोद चौधरी, चाइल्ड लाइन के अजय खोब्रागडे, दामिनी टीम व तिरोड़ा थाने अधिकारी, कर्मचारियों ने की.

# यात्रियों के लिए शिवतीर्थ में जलपेय की सुविधा
# शिवबाचे मावले प्रतिष्ठन की पहल

**गोंदिया**-शिवबाचे मावले प्रतिष्ठान ने राम नवमी के अवसर पर दवनीवाड़ा स्थित न्यू बस स्टॉप पर शिवतीर्थ जल पेय का आयोजन किया. तेज गर्मी के कारण, शिवबाचे मावले प्रतिष्ठान दवनीवाड़ा ने जरूरतमंदों और यात्रियों के लिए शिवतीर्थ जल पेय की पहल की है. कार्यक्रम का उद्घाटन दवनीवाडा की सरपंच लक्ष्मी श्रीबांसरी, उप सरपंच अन्ना चौधरी ने किया. प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच नहरप्रसाद मस्करे, पूर्व सैनिक पटवारी रमीक पहरेले, सेनि. शिक्षक माहूरे, पूर्व सैनिक मुकेश चौरागडे, ग्रापं सदस्य सुशील भांडारकर, राजेश उरकुडे, सामाजिक कार्यकर्ता शिरीष (बंटी) श्रीबांसरी उपस्थित थे. सफलतार्थ आयोजक समिति के वैभव खोब्रागडे, शेखर उरकुडे, मेहल लांजेवार, अभिषेक चौरसिया, सुहास शहारे, सोमेश मस्के, राजेश सिंहमारे, सतीश जांगजोड, सतीश बावने, विकी भोयर, जय लिल्हारे, उज्वल लिल्हारे, गौरव शेंडे, योगेश कुर्वे, हर्ष कुर्वे, नितीन हेमनकर, उमेश येडे, चिनु अग्रवाल, अविनाश भांडारकर, जितू बावने, योगेश बावने व समस्त व्यापारी संघ आदि ने प्रयास किया.



# शहर में नगर परिषद एक्शन का बुलडोजर

**भंडारा**-शहर की मुख्य बाजारपेठ और व्यस्त सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर परिषद प्रशासन ने एक बार फिर सख्त कदम उठाया है. बुधवार 1 अप्रैल को पुलिस बंदोबस्त में विशेष अभियान चलाकर सड़कों पर बने अवरोधों को हटाया गया. पिछले तीन महीनों में यह चौथी बड़ी कार्रवाई है, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था को बड़ी राहत मिली है. नगर परिषद के अतिक्रमण हटाओ दल ने जे.एम. पटेल कॉलेज रोड से त्रिमूर्ति चौक तक के क्षेत्र को निशाना बनाया. इस मार्ग पर कई दुकानदारों ने सड़क किनारे सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ था. इसके अलावा कुछ व्यापारियों ने दुकानों के बाहर सीमेंट-कंक्रीट के स्थायी ओटे और निर्माण कर सड़क को संकरा कर दिया था, जिससे पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही थी. अभियान के दौरान बुलडोजर की मदद से इन सभी अतिक्रमणों को हटाकर रास्ता पूरी तरह साफ किया गया. नगर परिषद ने शहर की ट्रैफिक समस्या दूर करने और सड़कों को खुला रखने के लिए नागरिकों और व्यापारियों से सहयोग करने की अपील की है. कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरा अभियान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ.

# पेट्रोल प पंपों पर हुई भीड़ कम

## जिले में पेट्रोल डीजल की स्थिति सामान्य



**बुलंद गोंदिया** । जिले में 24 मार्च को पेट्रोल डीजल की कमी की अफवाह सोशल मीडिया पर चलते हैं बड़े पैमाने पर पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी जिसे दो दिन जिले में स्थित चरमरा गई थी हालांकि किल्लत नहीं थी उसके बावजूद भी लोगों में अफवाह का असर दिखाई दे रहा था 28 मार्च को सभी पेट्रोल पंपों में वाहन चालकों की भीड़ कम हो गई है वह स्थिति सामान्य नजर आ रही है। गौरतलब हैकी मध्य पूर्व एशिया (खाड़ी देशों) में चल रही ईरान - अमेरिका जंग के चलते डीजल- पेट्रोल व रसोई गैस की कमी सोशल मीडिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर फैलने लगी थी, जिसके चलते वाहन चालकों में घबराहट निर्माण हो गई इसके चलते बड़े पैमाने पर वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल भरवाने के लिए दौड़ पड़े। सामान्य स्थिति में जहां 1 लीटर पेट्रोल वाहन चालकों द्वारा भरवाया जाता था वहीं इस घबराहट पूर्ण स्थिति में टंकी फुल करवाई जाने लगे जिसके चलते पेट्रोल पंपों में अधिक खपत के चलते किल्लत होने लगी साथ ही पेट्रोल डीजल कंपनियों द्वारा पेट्रोल पंप चालकों से एडवांस भुगतान की मांग किए जाने के चलते भी कुछ स्थिति चरमरा गई थी, किंतु जिले में पेट्रोल डीजल की कमी नहीं थी। इस संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा नागरिकों से आवाहन कर जिले के पेट्रोल डीजल की जानकारी भी दी गई थी उसके बावजूद भी दो दिनों तक नागरिकों में पेट्रोल डीजल को लेकर हड़बड़ा दिखाई दे रही थी जिसके चलते भारी लंबी लाइन पेट्रोल पंपों पर लगी हुई थी। पंपों पर भीड़ हुई कम स्थिति सामान्य 28 मार्च को जिले के सभी पेट्रोल डीजल पंपों में वाहन चालकों की भीड़ कम हो गई थी वह सभी पंपों में डीजल पेट्रोल उपलब्ध होने के चलते स्थिति सामान्य दिखाई दे रही थी वह सामान्य दिनों की अनुसार ही वाहन चालक पंपों पर पहुंच रहे थे।

# ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने का सशक्त माध्यम 'उमेद - जि.प. अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर




**बुलंद गोंदिया।** महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान (उमेद) केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने वाला एक सशक्त माध्यम है, ऐसा प्रतिपादन जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने किया। गोंदिया के प्रितम लॉन में आयोजित विभागीय सरस प्रदर्शनी एवं बिक्री महोत्सव का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वे बोल रहे थे। इस अवसर पर जि.प. सदस्य जितेंद्र कटरे एवं उमेश्वरी बघेले, पंचायत समिति सभापति मुनेश रहांगडाले, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम, जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा की परियोजना संचालक प्रमिला जाखलेकर, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्राम पंचायत) मधुकर वासनिक तथा पूर्व सभापति पूजा सेठ मंच पर उपस्थित थे। भेंडारकर ने कहा कि गोंदिया जिले में पहली बार इस प्रकार का विभागीय सरस प्रदर्शनी एवं बिक्री महोत्सव आयोजित किया गया है, जिससे महिलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। 'उमेद' के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पाद जैसे घरेलू खाद्य पदार्थ, वस्त्र एवं अन्य स्थानीय उत्पाद उनकी मेहनत और कौशल का प्रतीक हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से महिलाओं को केवल बाजार ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और पहचान भी मिल रही है। गोंदिया जिले के स्वयं सहायता समूहों की प्रगति सराहनीय है। महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज के समग्र विकास का मूल आधार है और यह अभियान इसे सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहा है। साथ ही 'वोकल फॉर लोकल' की संकल्पना को भी मजबूती मिल रही है। यह तीन दिवसीय महोत्सव आज से प्रारंभ हुआ है। 'उमेद' अभियान के तहत महिला बचत समूहों को ऋण के साथ-साथ उद्योगों के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके। प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार आकर्षक वस्तुएं, हस्तशिल्प और घरेलू उपयोग की सामग्री उपलब्ध है। इसके साथ ही मसाले, अचार, पापड़ और जैविक अनाज एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। विदर्भ के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी यहां लिया जा सकता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम ने नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में अन्य मान्यवरों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान (उमेद) एवं जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा, गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह प्रदर्शनी 29 से 31 मार्च 2026 तक चलेगी। यह केवल एक बाजार नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के परिश्रम और आत्मविश्वास का एक भव्य मंच है। महोत्सव में गोंदिया, गडचिरोली, भंडारा, चंद्रपुर, नागपुर और वर्धा जिलों के महिला बचत समूहों के कुल 75 स्टॉल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक सभी के लिए खुली रहेगी। कार्यक्रम का संचालन विस्तार अधिकारी वैशाली खोब्रागडे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला अभियान प्रबंधक नरेंद्र रहांगडाले ने किया।

# निवासी स्कूल में प्रवेश शुरू

## समाज कल्याण विभाग की अभिनव पहल

**गोंदिया**-नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नंगपुरा मुरीं में अनुसूचित जाति व नवबौद्ध लड़कों के निवासी स्कूल में पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए मुफ्त प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है. यह स्कूल सामाजिक न्याय व विशेष सहाय्य विभाग, सहायक आयुक्त, समाज कल्याण कार्यालय गोंदिया के तहत चलाया जा रहा है.

प्रवेश के लिए आवेदन 1 अप्रैल से 15 जून 2026 तक वितरित किए जाएंगे और जरूरतमंद और होशियार विद्यार्थियों से इस मुफ्त प्रवेश प्रक्रिया का लाभ लेने की अपील की गई है. स्कूल में प्रवेश लेने के लिए सहायक आयुक्त किशोर भोयर के मार्गदर्शन में व प्राचार्य रविशंकर इठुले के नेतृत्व में स्कूल के शिक्षक मुन्नाभाई नंदागवली, नीता भलमे, प्रदीप ढवले, पी.एल. लांजेवार, साधना पारधी, आशीष शहारे, तुषार महाजन से संपर्क कर अपना प्रवेश निश्चित करने का अनुरोध किया गया है

# रामटेके का सेवानिवृत्ति पर सम्मान



**सालेकसा**-पंचशील हाईस्कूल, विज्ञान व कला कनिष्ठ महाविद्यालय मक्काटोला में प्राचार्य एन.आर. रामटेके के सेवानिवृत्त होने पर एक भावपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. 31 वर्षों की दीर्घ और समर्पित सेवा के बाद उनके सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अतिथियों ने उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी. अध्यक्षता संस्थापक सचिव दिलीप मेश्राम ने की. प्रमुख अतिथि के रूप में संस्था अध्यक्ष हिमकांता रंगारी उपस्थित थी. इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य एस.पी. नंदेश्वर, आर.एम. मुनेश्वर, वरिष्ठ शिक्षक बी.जी. वाघमारे, एस.एस. पुंड तथा कनिष्ठ लिपिक बी.एस. बडगे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. प्रस्तावना शिक्षक यू.आर. सोनेवाने ने रखी. संचालन ए.जे. मेश्राम ने किया व आभार एम.बी. रंगारी ने माना.

# हंसिये से मारकर किया घायल



**गोंदिया**-गोरेगांव थाने के तहत चौकीटोला निवासी फिर्यादी परसराम किसन शिवणकर (51) अपने घर आया. इस दौरान फिर्यादी की पत्नी व आरोपी हरिशकुमार सहेषराम लांजेवार (51) के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. फिर्यादी ने आरोपी को गांव के चार लोग बैठकर समझौता कर लेंगे, ऐसा कहा. इस दौरान आरोपी ने मुझे कुछ समझौता नहीं करना है, ऐसा कहते हुए गालीगलौज कर आगे देख लेने की धमकी दी. वहीं हसिये से फिर्यादी के हाथ पर प्रहार कर दिया. जिसमें वह घायल हो गया.

# माँ नर्मदा मंदिर में चैत्रनवरात्रोत्सव



**गोंदिया**-प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कुछ दिनों के लिए परमात्मा एक नगर में स्थानांतरित माँ नर्मदा मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व एवं श्रीराम जन्मोत्सव सोत्साह मनाया गया। मंदिर के संचालक गायक कलाकार श्री रामू ढोरे के निवास पर स्थित मंदिर में माँ की पूजा आराधना, भजन कीर्तन हवन के साथ भक्तों ने लगभग 45 मनोकामना ज्योति कलशों को यहाँ प्रज्ज्वलित किया था। श्रीरामनवमी के दिन यहाँ महाप्रसाद का आयोजन एवं खप्पर नृत्य में भक्तगण सहभागी हुए। श्री दीलिपभाऊ लांजेवार ने आकर्षक खप्पर नृतय प्रस्तुत किया।व्यवस्था में एड. विनोद जानी, चित्रा परियानी, नरेश परियानी, प्रकाश सिरसे, पराग अग्रवाल, चंद्रशेखर हिसारिया आदि ने सहयोग किया। महाप्रसाद वितरण में योगेश लोनारकर,ओमकार लुटे, अमन भालाधरे, योगेश ढोरे, देवाशीष देशमुख, अमुल्य मेश्राम, हरीश चन्द्र, कुंडलिक लांजेवार व अन्य क्षेत्रीय लोगों का योगदान रहा। इस प्रसंग पर शहर के वरिष्ठ कवि श्री शशि तिवारी, प्रभाग 7 के पार्षद श्री शिव शर्मा एवं प्रभाग 6 के पार्षद श्री अजय यादव, प्रमुख रूप से उपस्थित थे। श्री रामू ढोरे ने सभी का आभार माना।

# प्रधानाध्यापक व केंद्र संचालक निलंबित

**सालेकसा**-10वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान, जिला परिषद हाईस्कूल कावराबांध के परीक्षा केंद्र क्र. 2177 पर विज्ञान 2 विषय का पेपर देते हुए तीन फर्जी छात्र पाए गए. इस मामले का संज्ञान लेते हुए, जिप सीईओ मुरुगानंथम ने 28 मार्च को ड्यूटी में लापरवाही के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक हरिश्चंद्र पुंडलिकराव दराडे और परीक्षा केंद्र संचालक तथा स्कूल के सहायक शिक्षक आनंदराव शंकरराव कोरे को निलंबित करने का आदेश दिया. सीईओ मुरुगानंथम द्वारा जारी निलंबन आदेश में बताया कि जब जिला परिषद हाईस्कूल व कनिष्ठ महाविद्यालय कावराबांध में कक्षा 10वीं विज्ञान 2 का पेपर चल रहा था, तब सीट क्र. जे 148989, जे 149013, जे 148971 पर इस विषय का पेपर देते हुए 3 फर्जी छात्र पाए गए. सहायक शिक्षक आनंदराव कोरे परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष व कक्षा 10वीं के वरिष्ठ शिक्षक के रूप में कार्यरत थे. वहीं प्रधानाध्यापक हरिश्चंद्र दराडे ने बालाघाट जिले के लांजी से छात्रों को कक्षा 10वीं में स्कूल में प्रवेश दिया और उनकी जगह पर 3 फर्जी छात्र कक्षा में 13 मार्च को कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा का विज्ञान 2 का पेपर हल करते हुए पाए गए.

### दोनों का मुख्यालय बदला

निलंबन के दौरान, उन्हें महाराष्ट्र नागरी सेवा पदग्रहण अवधि, स्वीयेत्तर सेवा व निलंबन व सेवा से निकालने के दौरान पूरक भत्ते मिलेंगे. निलंबन के दौरान प्रधानाध्यापक दराडे का मुख्यालय देवरी और कोरे का मुख्यालय अर्जुनी मोरगांव तय किया गया है. मुख्यालय छोड़ते समय उन्हें पंचायत समिति के गुट शिक्षाधिकारी से मंजूरी लेना जरूरी है. निलंबन के दौरान वे कोई भी नौकरी, व्यवसाय या व्यापार नहीं कर पाएंगे.

# ट्रक से टकराई कार, बाल-बाल बचे सांसद डा. पडोले

## कार का हुआ नुकसान



भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. प्रशांत पडोले सोमवार, 30 मार्च की सुबह करीब 6.45 बजे के दौरान एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। उनकी तेज रफ्तार टोयोटा फॉर्च्यूनर कार ट्रक और सड़क के बैरिकेड्स से टकरा गई। इस हादसे में सांसद डॉ. प्रशांत पडोले बाल-बाल बचे है। उनके चालक और सुरक्षा गार्ड पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के बाद सांसद ने स्वयं वीडियो जारी कर अपनी सुरक्षित स्थिति की जानकारी दी। इस घटना को लेकर जिले में अलग-अलग चर्चाएं है। यह दुर्घटना नागपुर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर गुमधला गांव स्थित हल्दीराम कंपनी के सामने लगभग सुबह 6.45 बजे के दौरान घटी। मिली जानकारी के अनुसार, प्राप्त जानकारी के अनुसार, सांसद पडोले यह टोयोटा फॉर्च्यूनर एसयुवी कार क्रमांक एमएच 36 एपी 9911 से भंडारा से नागपुर जा रहे थे, जहां से उन्हें विमान द्वारा दिल्ली रवाना होना था।



वे संसद की कार्यवाही में शामिल होने के लिए निकले थे। इस बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर गुमधला गांव स्थित हल्दीराम कंपनी के सामने उनकी कार ट्रक और सड़क के बैरिकेड्स से टकरा गई, हादसे में वाहन को नुकसान हुआ, लेकिन सौभाग्यवश सांसद पड़ीले, उनके चालक और सुरक्षा गार्ड पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जिले में चर्चाएं शुरू हुई, जिससे सांसद पडीले ने स्वयं वीडियो जारी कर अपनी सुरक्षित स्थिति की जानकारी दी।

# सर्वसामान्यों के विकास के लिए करें काम

**तिरोड़ा**-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की ओर से गोंदिया जिले के तीन तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति जारी की है. पक्ष के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे की मंजुरी से जिलाध्यक्ष रविकांत बोपचे ने नियुक्ति पत्र जारी किया. जिसके अनुसार, विजय चंद्रकुमार वाढई सालेकसा के तहसील अध्यक्ष, अरुण प्रेमलाल आचले देवरी तहसील अध्यक्ष व घनश्याम मोतिराम कापगते की सड़क अर्जुनी तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरदचंद्र पवार की विचारधारा व पक्ष के वरिष्ठों के नेतृत्व व मार्गदर्शन में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पक्ष मजबूत करने व सर्वसामान्यों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई है और उम्मीद जताई गई है कि उनके माध्यम से पार्टी संगठन और मजबूत होगा.

### 89 लाख से ज़्यादा किसानों के खातों में 1798.78 करोड़ रुपये जमा

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शेतकरी महासम्मान निधि योजना की आठवीं किस्त वितरित की



बुलंद गोंदिया। (मुंबई) - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना की आठवीं किस्त के तहत कुल 89,75,298 किसान परिवारों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के ज़रिए कुल 1798.78 करोड़ रुपये जमा किये । मुंबई के विधान भवन में 'नमो शेतकरी महासम्मान निधि' योजना की आठवीं किस्त बांटने का समारोह हुआ। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजीत पवार, कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे, उद्योग और मराठी भाषा मंत्री डॉ. उदय सामंत, स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, राज्य मंत्री एड. आशीष जायसवाल, कृषि विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी विकास चंद्र रस्तोगी और सीनियर अधिकारी मौजूद थे। नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना के तहत, जिलेवार वितरित की गई राशि की आठवीं किस्त इस प्रकार है- अहिल्यानगर 108.30 करोड़, अकोला 36.76 करोड़, अमरावती 53.34 करोड़, बीड 72.70 करोड़, भंडारा 41.65 करोड़, बुलढाणा 66.74 करोड़, चंद्रपुर 47.95 करोड़, छत्रपति संभाजीनगर 68.18 करोड़, धाराशिव 46.85 करोड़, धुले 30.63 करोड़, गढ़चिरौली 28.50 करोड़, गोंदिया 42.45 करोड़, हिंगोली 35.00 करोड़, जलगांव 77.40 करोड़, जालना 58.82 करोड़, कोल्हापुर 92.33 करोड़, लातूर 53.87 करोड़, नागपुर 33.88 करोड़, नांदेड़ 76.50 करोड़, नंदुरबार 20.47 करोड़, नासिक 83.86 करोड़, पालघर 19.95 करोड़, परभणी 49.79 करोड़, पुणे 85.24 करोड़, रायगढ़ 22.79 करोड़, रत्नागिरी 31.21 करोड़, सांगली 75.49 करोड़, सतारा 87.07 करोड़, सिंधुदुर्ग 23.53 करोड़, सोलापुर 97.52 करोड़, ठाणे 14.18 करोड़, वर्धा 25.60 करोड़, वाशिम 33.05 करोड़ और यवतमाल 57.18 करोड़ बांटे जा चुके हैं। 'नमो शेतकरी महासम्मान निधि' स्कीम के तहत, 24 मार्च, 2026 के आखिर तक 93.08 लाख किसान परिवारों के अकाउंट में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के ज़रिए एक से सात किश्तों में कुल 13017.30 करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं।

# एकल महिला सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन

## 230 महिलाओं को बांटी साड़ियां

**गोंदिया**-सड़क अर्जुनी के नगर पंचायत महिला व बाल कल्याण समिति ने एकल महिलाओं के पूरे विकास और सशक्तिकरण के लिए एक आत्मनिर्भरता कार्यशाला का आयोजन किया. इस कार्यशाला को एकल महिलाओं से अच्छा प्रतिसाद मिला. इस मौके पर 230 एकल महिलाओं को साड़ी चोली बांटकर सम्मानित किया गया. अध्यक्षता नगराध्यक्ष तेजराम मडावी ने की. मुख्य मार्गदर्शक के रुप में साऊ एकल महिला समिति के जिला संयोजक अनिल मेश्राम, उमेद व्यवस्थापक अतुल मुटकरे, हिंदूसम्राट बालासाहब ठाकरे अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा उपराडे, प्रमुख अतिथि के रूप में नपं उपाध्यक्ष तथा महिला व बाल कल्याण समिति सभापति वंदना डोंगरवार, पार्षद शशिकला टेंभुर्णे, रीता लांजेवार, दीक्षा भगत, कामिनी कोवे, पार्षद देवचंद तरोणे, जयपाल रंगारी, अंकित भेंडारकर, नपं मुख्याधिकारी सारंग खांडेकर, टैक्स व प्रशासन अधिकारी युगल डडेमल, अनुपम वाघमारे, दीपाली धाडवड, अनिल पवार आदि उपस्थित थे. संचालन संघराज कान्हेकर ने किया व आभार श्रेयस राऊत ने माना.

# मांडोदेवी देवस्थान में 34वें सर्वजातीय सामूहिक विवाह में लक्ष्य से अधिक 191 जोड़े हुए परिणयबद्ध

## माँ मांडोदेवी धार्मिक पर्यटन स्थल को अत्यधिक विकसित रूप देने हेतु कटिबद्ध- राज्यमंत्री एड. आशीष जायसवाल

## मांडोबाई सामूहिक विवाह आयोजन समिति दो परिवारों के समय और पैसे की बचत का मुख्य मंच- विधायक विनोद अग्रवाल





**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले में घनघोर जंगल एवं नैसर्गिक पहाड़ियों में विराजित माँ मांडोबाई देवस्थान, बघेडा/तेढा में इस रामनवमी के उपलक्ष्य में लक्ष्य से अधिक 191 सर्वजातीय नवयुगलों ने माँ मांडोदेवी का आशिर्वाद ग्रहण कर नए दांपत्य जीवन की शुरुआत की। इस वर्ष इस सर्वजातीय सामुहिक विवाह आयोजन समारोह में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से भक्तों का जनसैलाब उमड़ा नजर आया।

माँ मांडोबाई देवस्थान में सर्वजातीय सामुहिक विवाह का ये निरन्तर 34वां वार्षिक आयोजन रहा, जो 27 मार्च को मांडोबाई के आशिर्वाद से संपन्न हुआ। नवयुगलों को नए वैवाहिक जीवन के आशिर्वाद के लिए राज्य के वित्त, योजना, कृषि, सहायता, पुनर्वास, कानून व न्याय विभाग के राज्यमंत्री एड. आशीष जायसवाल परिवार सहित उपस्थित रहे। वही माँ मांडोदेवी देवस्थान के अध्यक्ष विधायक विनोद अग्रवाल, आमगांव के विधायक संजय पुराम, पूर्व विधायक सहेसराम कोरोटे, हेमंत पटले, खोमेश रहांगडाले जिप अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, पंस गोंदिया सभापति मुनेश रहांगडाले, भाऊराव ऊके, उषाताई मेंढे, सुरेंद्र नायडू, दीपा चन्द्रिकापुरे, सविता अग्रवाल, चेताली नागपुरे, सुमित भालोटिया, जीवनेश मिश्रा सहित अनेको जनप्रतिनिधियों एवं संस्था पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

सर्वजातीय सामुहिक विवाह समारोह में संस्था के अध्यक्ष एवं गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल ने बताया कि सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन वर्ष 1993 से किया जा रहा है जिसका ये निरंतर 34 वा वर्ष है. जिले में सर्वजातीय सामुहिक विवाह की शुरुआत इसी माँ मांडोबाई देवस्थान से शुरू हुई है, जो वर्तमान दौर में समाज में पैसे के साथ ही समय की बचत का एक सहयोगात्मक कदम साबित हुआ है। हर वर्ष इस सर्वजातीय सामुहिक विवाह आयोजन में नवयुगलों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी होना इस समारोह समिति की बेहतर व्यवस्था का प्रतिफल है। आगामी समय में वर्तमान स्थितियों को देख सभी धर्म के लोग ऐसे आयोजन के तहत यहां विवाह हेतु पंजीकरण करें ऐसी अपील विधायक विनोद अग्रवाल ने की।

राज्यमंत्री एड. आशीष जायसवाल ने माँ मांडोदेवी को नमन कर नवयुगलों को आशिर्वाद दिया वही हजारों भक्तो की उपस्थिति देख मांडोदेवी देवस्थान के बारे में एवं उसके कायाकल्प हेतु विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा सदैव मुंबई में इस देवस्थान के बारे में जितना सुना उसे आज साक्षात देखने और दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा, माँ मांडोदेवी की कृपा से मुझे यहां आने का शौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं इस दिव्य देवस्थान के अत्यधिक विकास के लिए कटिबद्ध हूँ। मैं पुन: इस स्थान का दिन में दौरा करूँगा और इस देवस्थान में क्या क्या विकास कार्य किये जा सकते है इसकी समीक्षा कर हम विकास कार्य के लिए निधि लाने का कार्य करेंगें।

राज्यमंत्री एड. आशीष जायसवाल ने कहा, मुझे खुशी है कि मैं उस जिले का दामाद हूँ, जहाँ माँ मांडोदेवी विराजमान है। इस क्षेत्र का कायाकल्प करना मेरी प्राथमिकता है।

सामुहिक विवाह समारोह में नवयुगलों को विवाह के दौरान आवश्यक जीवनाशक वस्तुएं, वस्त्र एवं सोने का मंगलसूत्र प्रदान किया गया है। भक्तो की संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मुंडीपार-हरदौली मार्ग पर एवं मंदिर परिसर पर बेहतर व्यवस्था बनाये रखी। जिसका आयोजन समिति की ओर से आभार माना गया।

सर्वजातीय सामुहिक विवाह यज्ञ को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष विधायक विनोद अग्रवाल, सचिव डॉ.लक्ष्मण भगत, उपाध्यक्ष भैयालाल सिंदराम, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ असाटी, सह सचिव कुशनजी घासले, सदस्य श्री डॉ जितेंद्र मेंढे, शालिकराम उईके, सखाराम सिंदराम, दिलीप खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल, नंदकिशोर गौतम एवं मंदिर के पुजारी पंडित अयोध्यादास जी महाराज, किशोर शेंडे, अमोल भारती सहित बघेड़ा (टेढा) के ग्रामीणों का सफल प्रयास रहा। मंगलाष्टक नारायण बहेकार, संचालन जगणेश गुरुजी ने किया।

हजारों की संख्या में अंतरजातीय विवाह संपन्न कराने वाली संस्था मांडोबाई देवस्थान..

प्रतिवर्ष आरोग्य शिबिर के माध्यम से आरोग्य सेवा एवं अन्य मार्गदर्शन शिविर के लिए यह संस्था प्रसिद्ध है। यहां प्रतिदिन विवाह सुविधा उपलब्ध है। आज तक हजारों की संख्या में विवाह संपन्न करने वाली इस संस्था में हजारों के ऊपर अंतरजातीय विवाह संपन्न हुई है जो इस संस्था के सामाजिक न्याय को दर्शाता है. साथ में ही प्रतिवर्ष अनेक उत्सव के साथ में भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली मांडोदेवी माता के रूप में यहां पुरातन मंदिर प्रसिद्ध है।

### नकद सहित 69,500 रु. के आभूषण उड़ाया

**गोंदिया**-तिरोड़ा थाने के तहत नेहरू वार्ड निवासी फिर्यादी तुषार घनश्याम पारधी (38) अपनी पत्नी व लड़के के साथ मुंडीपार शादी समारोह में गया था. इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर का ताला तोड़कर 9 हजार 500 रु. नकद व 60 हजार रु. कीमत के सोने के आभूषण ऐसे कुल 69 हजार 500 रु. का माल उड़ा लिया.

### 21 लीटर शराब जब्त

**गोंदिया**-दवनीवाड़ा थाने के तहत अर्जुनी में गजानन महादेव वैद्य (49) के घर से 21 लीटर शराब जब्त की गई. तीन प्लास्टिक डब्बे में 15 लीटर व 5 प्लास्टिक बकेट में 6 लीटर ऐसे कुल 21 लीटर महुआ फूल शराब जब्त की गई. यह कार्रवाई सहायक पुलिस निरीक्षक संजयकुमार टेकाम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की.

## जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा शहर श्री राम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा भगवामय हुई नगरी शोभा यात्रा का मार्गों पर भव्य स्वागत



**बुलंद गोंदिया।** श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर गोंदिया शहर के रामनगर स्थित राम मंदिर में दोपहर 12ः00 बजे राम जन्मोत्सव मनाया गया जिसके पश्चात दोपहर 3ः00 बजे राम मंदिर से भव्य राम जानकी की शोभायात्रा निकाली गई।

श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार गोंदिया शहर में श्री राम जन्मोत्सव समिति वह सकल समाज द्वारा 26 मार्च गुरुवार की दोपहर 12ः00 बजे रामनगर राम मंदिर में प्रभु श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव मना कर भगवान श्री राम की पूजा अर्चना व आराधना की इसके पश्चात श्री राम जानकी की भव्य शोभायात्रा दोपहर 3ः00 बजे रामनगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर से शुभारंभ हुई।

शोभा यात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियां ढोल, तासे संदल वह विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ हजारों की संख्या में भगवा रंग से रंगे राम भक्त श्रद्धालु शामिल हुए वह संपूर्ण गोंदिया नगरी अयोध्या की भांति सजाई गई थी वह संपूर्ण शहर भगवा रंग में रंग गया।

शोभायात्रा के दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों व नागरिकों द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत कर पुष्प वर्षा करने के साथ ही शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों के लिए शरबत, आइसक्रीम, पोहा ,फलिहार, मिष्ठान, पुलाव, पेयजल, छाछ आदि की व्यवस्था की गई तथा शोभा यात्रा द्वारा संपूर्ण शहर का भ्रमण किया गया। जिसमें रामनगर राम मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ होकर रामनगर बाजार चौक, राजलक्ष्मी चौक, , मालधक्का , कालेखा चौक, गुरुद्वारा मार्ग ,पाल चौक कुड़वा नाका,रानी अवंतीबाई चौक.जेएम हाईस्कूल, बालाघाट रोड, केसर होटल से न्यू ओवर ब्रिज से होते हुए अंबेडकर प्रतिमा। सुभाष गार्डन। पुराना आरटीओ ऑफिस, काका चौक. इंगले चौक हनुमान मंदिर ,नेहरू चौक,खोजा मस्जिद चौक, जैन मंदिर, श्री टॉकीज, विकास मेडिकल, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा, प्रभात टॉकीज,गोरक्षण मार्केट, गांधी प्रतिमा, चांदनी चौक, मारवाड़ी चौक, परशुराम मार्ग, बापूजी व्यायाम शाला, यादव चौक, हेमू कॉलोनी, शंकर चौक, भवानी चौक, गांधी प्रतिमा होते हुए अग्रसेन गेट सुभाष ग्राउंड से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर अग्रसेन भवन में पहुंचकर समापन हुआ जहां भगवान श्री राम की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।



### भक्तों में भारी उत्साह प्रतिवर्ष बढ़ रही भक्तों की भीड़

गोंदिया राम जन्मोत्सव की शुरुआत वर्षों पूर्व की गई थी लेकिन अब प्रतिवर्ष राम भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी होने के साथ ही जन्मोत्सव शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं।

### महिलाओं की संख्या में बढ़ोतरी

श्री राम जन्मोत्सव की शोभायात्रा में इसके पूर्व महिलाएं सम्मिलित नहीं होती थी लेकिन गलत कुछ वर्षों से महिलाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है जिससे महिलाओं युवतियों में इस शोभायात्रा का आकर्षण बढ़ रहा है तथा संपूर्ण शोभायात्रा के दौरान हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

उपरोक्त शोभायात्रा का आयोजन श्री राम जन्मोत्सव समिति गोंदिया व विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्था के सहयोग से किया गया उपरोक्त शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक झांकी शामिल हुई जो आकर्षण का केंद्र रही इसके साथ ही शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों द्वारा माथे पर तिलक, भगवा कुर्ता और पगड़ी तथा भगवा ध्वज के साथ जय जय श्री राम के जय घोष से शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया जिससे पूरा शहर भगवामय हो गया।

### भव्य आतिशबाजी शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह पर भव्य आतिशबाजी की गई

### विभिन्न सामाजिक संस्थाओं वह व्यक्तियों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत

श्री राम जन्मउत्सव की शोभा यात्रा का शहर के भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत कर भगवान श्रीराम का पूजन अर्चन करने के साथ ही शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए शीतल पेय जल, शरबत, फल, आइसक्रीम, मैंगो शेक, मिठाईयां ,अल्पाहार आदि का वितरण किया गया।

### दीपों से जगमगाया शहर

श्री राम जन्मोत्सव पर्व के अवसर पर शहर के सभी स्थानों पर नागरिकों द्वारा अपने निवास स्थान व प्रतिष्ठानों के बाहर दीप प्रज्वलित किए गए जिससे पूरा शहर में दीपावली जैसा वातावरण निर्माण हो गया

## 1 करोड़ 45 लाख रुपए के विकास कार्यों कि खुली टेंडर प्रक्रिया से मंजूरी सौंदड़ ग्राम पंचायत में सरपंच हर्ष मोदी की पारदर्शक कार्य शैली



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले के सौंदड़ ग्राम पंचायत में आयोजित विशेष मासिक सभा में 1 करोड़ 47 लाख रुपए के विकास कार्य के लिए खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से मंजूरी दी गई , यह प्रक्रिया सरपंच हर्ष मोदी की पारदर्शिक कार्यशाली के माध्यम से हुई। गौरतलब है कि सौंदड़ ग्राम पंचायत के सरपंच पद पर हर्ष मोदी के निर्वाचित होने के बाद से ही विभिन्न विकासात्मक कार्य को प्रमुखता से स्थान देने के साथ ही उन कार्यों में पारदर्शिकता स्पष्ट दिखाई देती है। हाल ही में 15 वे वित्त आयोग के अंतर्गत माझी वसुंधरा अभियां ,ग्राम निधि, पानी पुरवठा जिला पूर्ति व अन्य योजना के माध्यम से स्वीकृत1 करोड़ 47 लाख रुपए के मंजूर कार्यों की ओपन टेंडर प्रक्रिया आयोजित की गई जिसके लिए जिले के प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करने के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी जिले व राज्य के ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया था। विशेस यह है की जिले की ग्राम पंचायत में ओपन टेंडर प्रक्रिया या पहली बार आयोजित हुई है इसमें करीब 33 से 35 ठेकेदार शामिल हुए थे जिसमें प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनने के चलते 37त्र तक बिलो में कार्य गए जिससे ग्राम पंचायत को काफी लाभ हुआ है। पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को गति हर्ष मोदी के सरपंच बनने के बाद से ही ग्राम पंचायत में पारदर्शिकता लाने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है तथा ग्राम पंचायत में बाल सभा, वार्ड सभा ,ग्राम सभा ,विशेष सभा का नियमित आयोजन हो रहा है। विरोध के बीच भी मजबूत जन समर्थन हर्ष मोदी के कार्यकाल के दौरान विरोधियों द्वारा आरोप भी लगाए गए जो समय-समय पर निराधार साबित हुये है इन सब के बीच विकास कार्यों को गति मिलने व ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यों को क्रियान्वयन किए जाने के चलते जन समर्थन मजबूत होता जा रहा है। 3 से 3.50 करोड रुपए के अन्य कार्य भी स्वीकृत सौंदड़ ग्राम पंचायत के विकास के लिए 3 से 3ः50 करोड रुपए के कार्य भी स्वीकृत हो चुके हैं जिनका भूमि पूजन भी जल्द ही किया जाएगा जिनका भूमि पूजन जिला परिषद के अध्यक्ष लायकराम भेडारकर वह विधायक राजकुमार बडोले तथा परिणय फुके के हस्ते किया जाएगा।

## 2 स्थानों पर छापा, 55 बोरे महुआ फूल जब्त दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**गोंदिया**-पुलिस ने गैर-कानूनी हाथ से बनी शराब बनाने के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया और दो जगहों पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में महुआ फूल और शराब बनाने का सामान जब्त किया. इन दोनों अभियान में 55 प्लास्टिक बोरे में 2200 किलो महुआ फूल जब्त किया गया. तिरोड़ा पुलिस ने ढिवरटोला (मेहंदीपुर) परिसर में नाले के पास छापा मारा. जहां आरोपी गीता हिवराज मारबते (50) को अवैध तरीके से महुआ फूल की शराब बनाते हुए पाया गया. इस कार्रवाई में 35 प्लास्टिक बोरे में 1400 किलो महुआ फूल व शराब बनाने का सामान जब्त किया गया. वहीं, इसी परिसर में एक और कार्रवाई में आरोपी मधुकर आसाराम बावने (31) के यहां छापा मारा गया. उसके पास से 20 प्लास्टिक बोरे में 800 किलो महुआ फूल व हाथ से बनी शराब और सामान जब्त किया गया. दोनों कार्रवाई में पुलिस ने 2200 किलो महुआ फूल, हाथ से बनी शराब व अन्य सामग्री सहित लाखों रु. का सामान जब्त किया. कुछ सामान मौके पर ही नष्ट कर दिया गया. इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।